भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

03.08.2022 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2949 का उत्तर

किसान रेल

2949. श्री पी.पी. चौधरी:

श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:

श्री संगम लाल गुप्ता:

श्री राजबहादुर सिंह:

डॉ. रमापति राम त्रिपाठी:

श्री बृजभूषण शरण सिंह:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास किसान रेल योजना के तहत कुल व्यय को दर्शाने वाला कोई मात्रात्मक आंकड़ा है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास इस फ्लैगशिप कार्यक्रम के तहत राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और ओडिशा सहित देश भर में वर्तमान में चल रही रेलगाड़ियों की संख्या को दर्शाने के लिए कोई आंकड़ा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है; और

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत जनवरी 2021 से जिन ताजे फलों और सब्जियों का परिवहन किया गया है, उनका राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

किसान रेल के संबंध में दिनांक 03.08.2022 को लोक सभा में श्री पी.पी. चौधरी, श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी, श्री संगम लाल गुप्ता, श्री राजबहादुर सिंह, डॉ. रमापति राम त्रिपाठी और श्री बृजभूषण शरण सिंह के अतारांकित प्रश्न सं. 2949 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग) : 7 अगस्त, 2020 को किसान रेल सेवा के शुरू होने से और 30 जून, 2022 तक रेलवे ने लगभग 2,359 किसान रेल सेवाओं का संचालन किया है, प्याज, केला, आलू, अदरक, लहसुन, आम, अंगूर, अनार, संतरे, चीकू, नींबू, शिमला मिर्च, गोभी, फूलगोभी और अन्य फलों एवं सब्जियों सहित लगभग 7.9 लाख टन जल्द खराब होने वाली वस्तुओं का परिवहन किया गया है। रेलवे द्वारा वर्ष 2020-2021, 2021-2022 एवं 2022-2023 (30 जून तक) के दौरान दी गई सब्सिडी क्रमशः 27.80 करोड़, 121.86 करोड़ और 4.0 करोड़ रुपये है। सेवाओं की संख्या का राज्य-वार विवरण निम्नानुसार है -

(अनंतिम आकड़े)

राज्य (चलाई गई रेलें)	किसान रेल सेवा की संख्या (30 जून 2022 तक)
आंध्र प्रदेश	116
असम	1
गुजरात	62
कर्नाटक	46
महाराष्ट्र	1,838
मध्य प्रदेश	74
पंजाब	15
राजस्थान	5
तेलंगाना	66
त्रिपुरा	1
उत्तर प्रदेश	76
पश्चिम बंगाल	59
जोड़	2,359

*****